**आरोप** ▶ रात में खाना खाने के बाद छात्राओं को होने लगी खुजली, अस्पताल में कराया गया भर्ती

# छात्रावास के खाने में मिल रहा आए दिन कीड़ा और बाल






**ब्यौहारी, नवभारत।** विकासखंड ब्योहारी के ग्राम खडहुली स्थित 100 सीटर बालिका छात्रावास, मॉडल स्कूल में गुरुवार की रात उस समय हड़कंप मच गया, जब रात का खाना खाने के कुछ देर बाद छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी।

बताया जाता है कि सूचना मिलने पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम ब्योहारी को उक्त बात से अवगत कराया गया जिसे एसडीएम ब्योहारी ने गंभीरता से लेकर जांच हेतु डॉ. को छात्रावास में भेजकर अन्य छात्राओं का इलाज जारी कराया गया है।

### छात्राओं ने खाई थी बरबटी व आलू गोभी की सब्जी

बताया जा रहा है कि बालिका छात्रावास में रात को चावल, बरबटी और आलू-गोभी की सब्जी बनी थी जिसे खाने के बाद कई बच्चियों को खुजली होने लगी। हालत बिगड़ती देख वार्डन ने रात में करीब 15 छात्राओ को सिविल अस्पताल ब्योहारी में लाकर भर्ती कराया जंहा उनका उपचार चल रहा है। बांकी बच्चियों द्वारा भी सुबह खुजली होने की शिकायत छात्रावास का निरीक्षण करने गये ब्लाक शिक्षा अधिकारी ब्रम्हानंद श्रीवास्तव से की गयी।

### छात्रावास में मच गया अफरा-तफरी का माहौल

मिली जानकारी के अनुसार रात करीब दस बजे के आसपास बच्चियों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे छात्रावास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रावास के वार्डन ने आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद भी मौके पर 108 एंबुलेंस नहीं पंहुंची जिस कारण गंभीर बच्चियों को तत्काल निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने देर रात तक सभी बीमार बच्चियों का उपचार किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अभिभावकों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन बच्चियों की हालत देखकर गुस्से में आ गए और छात्रावास प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। कुछ अभिभावकों ने यह भी कहा कि खाने में बाल और कीड़े मिले थे, जिसके बाद बच्चों ने खाना छोड़ दिया था, लेकिन देर रात कई छात्राओं की हालत बिगड़ती चली गई।

### दिया जा रहा घटिया भोजन

स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन अभी तक रसोईया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिला पंचायत सदस्य एड. पुष्पेंद्र पटेल का आरोप है कि शासन प्रशासन को कई बार छात्रावास एवं स्कूल मे बच्चों को मिलने वाले घटिया भोजन की जानकारी दी गयी है इसके बाद भी उनके द्वारा बच्चो को दिये जाने वाले भोजन के गुणवक्ता की सतत निगरानी नहीं की जा रही है। मै शिक्षा समिति का सदस्य भी हूँ कई बार मेरे द्वारा यह बात बैठक मे रखा गया इसके बाद भी निगरानी नही हो रही जिसके चलते आज यह नौमत आयी है और बच्चों को अस्पताल का मुँह देखना पड़ा है।

**इनका कहना है**

जैसे ही मुझे जानकारी मिली है मै सिविल अस्पताल ब्योहारी पंहुचा वंहा 15 बच्चियों का इलाज चल रहा था। रात मे खाना खाने के बाद बच्चियों को खुजली होने के कारण एडमिट कराया गया है। छात्रावास मे भी अन्य छात्राओं को खुजली होने की शिकायत मिलने पर डॉ. बुलाकर उनका भी इलाज कराया है। अब हालत समान्य है।जांच के बाद ही पता चलपायेगा कि किस कारण बच्चियों को खुजली की समस्या हुई है।

**ब्रम्हानंद श्रीवास्तव**
**ब्लाक शिक्षाधिकारी, ब्योहारी**

# महिला को जंगल में घसीट ले गया भालू

▶ **निमहा टोला में भालू के हमले से मवेशी चराने गई महिला की मौत**



**शहडोल, नवभारत।** जिले के केशवाही वन परिक्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना हुई, जहां भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गई। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते, तब तक भालू महिला को अपने पंजों में दबाकर जंगल की ओर घसीटकर ले गया। सूत्रों के अनुसार, ग्राम निमहा टोला निवासी गुड्डी यादव (42) सुबह रोजाना की तरह अपने मवेशी चराने जंगल की ओर गई थी।

इसी दौरान झाड़ियों के पास छिपे बैठे एक जंगली भालू ने अचानक उस पर हमला कर दिया। गुड्डी यादव के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक भालू उसे जंगल के अंदर खींच ले गया। शाम होते-होते जब गुड्डी यादव घर नहीं लौटी तो ग्रामीणों ने मशालें जलाकर उसकी तलाश शुरू की।

लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद जब वे जंगल के भीतर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि भालू उसके शव के पास बैठा हुआ है और बार-बार उसके आसपास घूम रहा है।

### घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची

बताया जाता है कि घटना के बाद एकत्र हुए ग्रामीणों ने मशालें जलाकर और जोर-जोर से चिल्लाकर किसी तरह भालू को वहां से भगाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को जंगल से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से केशवाही और आसपास के इलाकों में भालुओं का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले एक महीने में भालू दिखने की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में डर का माहौल है। वहीं ग्रामीण वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं।

इस मामले में वन मंडलाधिकारी श्रृद्धा पंद्रे ने बताया कि कुछ लोग जंगल के दुर्गम क्षेत्र में बकरी मवेशी चराने गए थे। जहां अचानक भालू ने अटैक कर दिया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। जब भालू ने अटैक किया था उस वक्त उनके अन्य साथी वहां से जान बचाकर भाग गए थे। इस घटना के बाद वैधानिक कार्रवाई कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

# नप अध्यक्ष सहित पार्षद ने जीएसटी रीफार्म के समर्थन में नहीं किया हस्ताक्षर

▶ **न्यू जीएसटी रीफार्म के एजेण्डा बैठक में नगर परिषद के दो भाजपा प्रतिनिधियों की बेरूखी**

**जयसिंहनगर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद कार्यालय जयसिंहनगर द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को एक पत्र जारी करते हुए संवैधानिक तौर पर चयनित सभी नगरीय प्रतिनिधियों की तीन सूत्रीय बिंदुवार विचारार्थ विषय बैठक 17 अक्टूबर 2025 दोपहर समय 02:00 के लिए बुलाई गई, इन विषयों में क्रमश: एक राष्ट्र-एक चुनाव, आत्मनिर्भर भारत संकल्प, केन्द्र सरकार द्वारा न्यू जेन-जीएसटी रीफार्म के समर्थन पर विचार का मुद्दा रखा गया, जिसमें नगरीय निकाय के 15 वार्ड पार्षद में से 12 ने सहमति हस्ताक्षर किये किंतु दो लोगों ने अपनी सहमति हस्ताक्षर देनें से किनारा करते प्रतीत नजर आए।

**कौन हैं ये दो जो केंद्र भाजपा सरकार की इस एजेण्डे से हैं दूर-** बता दें कि नगर परिषद कार्यालय के इस तीन सूत्रीय एजेण्डा बैठक में जहाँ एक ओर सभी संवैधानिक प्रतिनिधियों में 12 ने अपनी सहमति जताई, वहीं वार्ड नंबर 12 की पार्षद एवं वर्तमान भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष रोशनी गुप्ता ने सहमति हस्ताक्षर से दूरी बनाये रखा, वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 05 की पार्षद एवं पार्षद प्रणाली द्वारा चयनित वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला भी केन्द्र की भाजपा सरकार के इस तीन सूत्रीय एजेण्डा बैठक सहमति हस्ताक्षर से किनारा करते हुए प्रतीत हुई।

ज्ञातव्य हो कि वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद रोशनी गुप्ता के करीबी परिजन भाजपा से पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रह चुके हैं वहीं नगर परिषद अध्यक्ष के सुपुत्र भी वर्तमान भाजपा मण्डल मंत्री हैं किंतु इसके बावजूद भी इस एजेण्डा बैठक को नजरअंदाज किया जाना विरोधाभास की ओर इंगित करता दिख रहा है, हालाँकि इस तीन सूत्रीय बैठक सहमति हस्ताक्षर की क्या सच्चाई इस पर कोई ठोस प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है।

# 'रन फॉर यूनिटी' में विधायक, जिला अध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक ने लगाई दौड़






▶ **सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का किया गया आयोजन**

**शहडोल।** एक भारत श्रेष्ठ भारत सरदार वल्लभभाई पटेल के उद्घोष से गूंजा शहडोल नगर भारत की एकता अखण्डता को समर्पित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' एक दौड़ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार की सुबह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित इस दौड़ का शुभारंभ शहडोल नगर के जयस्तंभ से विधायक मनीषा सिंहएवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा तथा पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग की उपस्थिति में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को जिले में जिला मुख्यालय स्तअर पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समरसता के भाव को सशक्त बनाना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को स्मरण करना रहा। इस अवसर पर जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु, युवा वर्ग तथा विद्यार्थीगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने रन फॉर यूनिटी में सक्रिय भागीदारी करते हुए राष्ट्र की अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

रन फॉर यूनिटी के सफल आयोजन से जनसामान्य में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिला मंत्री रवींद्र वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा, पिंकू शुक्ला, सिल्लू रजक, अनुराग शुक्ला, राकेश सैनी, राकेश कनौजिया, गोपाल शर्मा, कार्तिकेय समतानी, विपिन तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

▶ **जयसिंहनगर में वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुए कार्यक्रम**



**जयसिंहनगर ।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर जिला शहडोल में 31 नवंबर 2025 को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को जयंती मनाने का कारण तथा अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रयासरत रहना एवं बड़ों का सम्मान करने के बारे में बताया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री भगवत राज बरमैया राजनीति विभाग के द्वारा राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने में वल्लभभाई पटेल का योगदान एवं भारतीय रियासतों की विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में द्वितीय वक्ता के रूप में शुभांगी गुप्ता सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग के द्वारा भारत की मुख्य पहचान अनेकता में एकता व भारत की विभिन्न संस्कृतियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमिला वास्केल सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग एवं आभार डॉ. प्रीति रजक समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, फसलें हो गईं बुरी तरह बर्बाद



▶ **किसान मोर्चा ने मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

**शहडोल।** हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण जिले के अनेक किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। खेतों में खड़ी धान, सोयाबीन, एवं सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है। इससे परेशान किसानों के पक्ष में आवाज उठाते हुए किसान मोर्चा शहडोल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन में बताया कि कई गांवों में जलभराव से फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि नुकसान का त्वरित सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को चाहिए कि प्रभावित किसानों के बैंक ऋण की वसूली पर अस्थायी रोक लगाए और बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र सर्वे करने के निर्देश देते हुए किसानों की फलसों का उचित मुआवजा दिलाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण किसान शामिल रहे।

▶ **गोहपारू में भी खड़ी फसलों को हुआ नुकसान, किसानों के माथे पर चिंता की लकीर**



**गोहपारू ।** जिले के गोहपारू क्षेत्र से पैलवाह गांव नर्मदा सिंह ने कहा मेरी पिछले कई दिनों से मौसम बदला-बदला सा है। आसमान में कभी बादल आ जाते हैं तो कभी धूप निकल आती है. मौसम की इस आंख-मिचैली का असर पिछले 3 दिनों से लगातार देखने को मिल रहा है। गुरुवार और शुक्रवार की शाम को गरज के 1 साथ 3-4 घंटे लगातार झमाझम बरसात होती रही। वहीं सोमवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। इस बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ऐसे में खेतों में पककर तैयार धान की फसल का क्या होगा, उन किसानों को तो और चिंता सता रही है जिनकी फसल कटकर खेत में पड़ी है। किसान अभी कुछ दिन इंतजार कर लें, अभी फसलों की कटाई न करें, क्योंकि अभी बारिश हो रही और इससे नुकसान हो सकता है, मौसम विभाग के अनुसार आगामी2-3 दिनों तक बारिश का दौर जारी रह सकता है उसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है, जब बारिश का मौसम निकल जाए उसके बाद ही धान की फसल की कटाई करें. शहडोल में लगभग एक लाख 40 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। जिले में सबसे ज्यादा बड़े रकबे में धान की खेती होती है और सबसे ज्यादा किसान धान की फसल लगाते हैं। यह क्षेत्र की प्रमुख फसलों में से एक है. ऐसे में किसानों को सलाह है कि जल्दबाजी न करें और थोड़ा इंतजारकरें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी मंगलवार तक बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

**खड़ी फसलों को हो रहा नुकसान, खेतों में सड़ रही कटी फसल-** जिले में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही अचानक बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी धान की फसल जहां तेज बारिश और हवाओं से गिरने लगी है, वहीं कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल भीगकर बर्बाद हो रही है। इससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। कई जगहों पर धान उपज की और गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि मोसम विभाग द्वारा पहले ही बरसात की संभावना जताई गई थी, लेकिन कटाई का समय होने के कारण उन्होंने जोखिम व उठाकर फसल काट ली। अब मे बारिश के कारण खेतों में पड़ी फसल को उठाना संभव नहीं हो पा रहा है। लगातार नमी रहने से कटी फसल भी सड़ने लगी है।

# नूरानी मस्जिद की वर्तमान कमेटी मनमानी और गुंडागर्दी पर उतारू

▶ **प्रशासनिक अधिकारी के दिशा निर्देश में कमेटी का चुनाव कराये जाने की मांग**

**शहडोल।** नगरपालिका परिषद शहडोल के वार्ड क्रमांक 28 (सौखी मोहल्ला) स्थित नूरानी मस्जिद के वर्तमान कमेटी की मनमानी और गैरकानूनी हरकतों को लेकर वहां के स्थानीय नमाजियों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कमेटी के मनमानी कृत्यों पर रोक लगाई जाने की मांग की है। उन्होंने शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया है कि, नूरानी मस्जिद में इन दिनों नवनियुक्त कमेटी द्वारा मनमाने व गुडागर्दी, तानाशाही तरीके से काम किया जा रहा है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। शासन से मध्यस्था की अपील की गई है। ताकि, भविष्य में कोई हादसा न होने पाए।

**वक्फ बोर्ड को गुमराह कर बन गया स्वयं-भू अध्यक्ष-** शिकायत पत्र में इस बात का साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि, कुछ समय पूर्व मोहम्मद इमरान नाम के युवक ने कुछ स्वार्थी लोगों के साथ मिलकर चोरी छुपे तरीके से एवं आपसी सांठगांठ कर मस्जिद व्यवस्था संचालन के नाम पर एक कमेटी गठित कर ली गई है। जिसमें मोहम्मद इमरान ने स्वयं कर नूरानी मस्जिद कमेटी का स्वयं-भू अध्यक्ष भी घोषित कर लिया है। बाद में इसी आधार पर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड कार्यालय भोपाल जाकर पदाधिकारियों को गुमराह करते हुए वहां से अपने नाम की कमेटी का गठन भी कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर मस्जिद में आने वाले अधिकांश नमाजियों और वहां के स्थानीय लोगों को इस नई कमेटी के गठन की कोई जानकारी नहीं दी गई। कमेटी गठन होने के बाद धीरे-धीरे यह खुलासा हुआ। जिसे लेकर मस्जिद में आने वाले नमाजियों के अंदर काफी आक्रोश और तनाव की स्थिति निर्मित है।

**वैधानिक तरीके से किया जाना था चुनाव-** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि, मस्जिद में गठित किए जाने वाली कमेटी का गठन नियमानुसार किया जाना चाहिए था। जो नहीं किया गया। सर्वसम्मति नहीं बनने की स्थिति में आम जन की उपस्थिति में मस्जिद कमेटी के सदर यानिकि अध्यक्ष का चुनाव होना चाहिए था। लेकिन ऐसा न करते हुए मोहम्मद इमरान ने अवैधानिक रूप से सारा कुछ मामला अपने हिसाब से सेट कर लिया। इसके बाद अब इमरान एवं उक्त तथाकथित कमेटी में उसके सहयोगियों द्वारा वर्तमान समय में मस्जिद के अंदर मनमानी करते हुए तनाव की स्थिति निर्मित की जा रही है।

# महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं इंदिरा गांधी : अजय अवस्थी

▶ **कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं वल्लभभाई पटेल की जयंती**



**शहडोल।** जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता में काँग्रेस भवन मे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष भारतरत्न स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम इंदिरा गांधी एवं वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं अजय अवस्थी, राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, कुलदीप निगम, विष्णु सिंह पुष्पांजली अर्पित करते हुए श्रीमती गांधी एवं सरदार पटेल की जीवनी एवं बलिदान व योगदान पर अपने- अपने विचार व्यक्त किए।

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि, 31 अक्टूबर यह तारीख भारत के इतिहास में एक गहरा निशान छोड़ती है। यही वह दिन है जब देश ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी को खो दिया था। वे सिर्फ़ एक नेता नहीं थीं, बल्कि भारत की राजनीतिक दृढ़ता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम था जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी।जब देश आर्थिक संकट और अस्थिरता से जूझ रहा था, तब इंदिरा गांधी ने मजबूत नेतृत्व के साथ भारत की बागडोर संभाली। साल 1966 में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं,उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। इस विजय ने उन्हें आयरन लेडी बना दिया।जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल जी के बारे मे कहा कि, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्र भारत के महान दूरदर्शी राजनेता-प्रशासक होने के साथ साथ प्रतिष्ठित वकील, बैरिस्टर तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी थे। उन्होंने 1928 में हुए बारदोली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व भी किया। बारडोली सत्याग्रह आंदोलन के सफल होने के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की थी। गांधी जी उन्हें बारदोली का सरदार कहकर पुकारा करते थे। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। कार्यक्रम मे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रविंद्र तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह, पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, राजेश सोंधिया, हीरालाल सोनी, नईम अहमद, प्रीतम सोनी, राजू सोनी, विष्णु प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, इकबाल अली, अतुल तिवारी, छोटू चैधरी,अजय सनपाल, राम दत्त द्विवेदी, रमेश जयसवाल, विमल कोर्चे आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आज 15 हजार दीपों से रोशन होगा कटाएघाट

**कटनी।** देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर आज शाम दीपोत्सव पर्व-2025 के तहत कटनी के कटाएघाट में 15 हजार दीप प्रज्ज्वलन और पांच पंडितों द्वारा महाआरती कराई जाएगी। इन दीपों से भगवान श्रीरामचंद्र जी, माता सीता, माँ नर्मदा, मां मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में शनिवार शाम 6:30 बजे कटाएघाट में ख्यातिलब्ध कलाकार और नर्मदापुरम के भक्ति गायक नमन तिवारी सहित साथी भाग लेंगे।

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया (म.प्र.)**

Presiding Officer : **श्री गोपाल नंदन पाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000017/2024) Process ID/2025

पेशी दिनांक :- 20/11/2025

**अविनाश सिंह**..........................वादी

**बनाम Vs**

**अजय कुमार सिंह**..........................प्रतिवादी

**प्रेषिती-**

**(1) अभय सिंह पिता रविन्द्रनाथ सिंह पता - मनेन्द्रगढ रोड कोतमा जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश**

यह कि प्रार्थी अविनाश सिंह ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 13 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(गोपाल नंदन पाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया (म.प्र.)**